# टीकमगढ़





**एक नजर में**

## कन्वर्जन राउंड अंतर्गत होगी चॉइस फिलिंग

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में संचालित शासकीय आईटीआई टीकमगढ़, पलेरा एवं बल्देवगढ़ में प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक 26 जुलाई से एक अगस्त तक पंचम चरण ओपन कन्वर्जन राउंड के अंतर्गत चॉइस फिलिंग तथा रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही कर सकते हैं। पंचम चयन सूची 8 अगस्त को विभाग के पोर्टल प्रकाशित की जाएगी।**

पंचम चरण के अंतर्गत प्रवेश की कार्यवाही 08 अगस्त से 14 अगस्त तक संबंधित संस्था में की जाएगी। इसके अतिरिक्त पूर्व से आईटीआई में प्रवेश हेतु पंजीयन कर चुके आवेदकों के लिए कार्यवाही करना आवश्यक होगा।

पंचम चरण के लिये च्वाईस फिलिंग के संबंध में जानकारी अनुसार ऐसे आवेदक जिनको पिछले चरणों में कोई एलॉटमेंट नहीं मिला है उन आवेदकों की च्वाईस फिलिंग यथावत रहेगी। आवेदक चाहें तो च्वाईस फिलिंग में नया अपग्रेडेशन कर बची हुई सीटों के अनुसार राशि 50 रूपये का भुगतान करके पुनः च्वाईस फिलिंग कर सकते हैं।

# सूर्य मंदिर परिसर जल्द बनेगा पर्यटन स्थल

**पर्यटन को बढ़ावा देने कलेक्टर की एक और मुहिम शुरू**

**कलेक्टर ने मड़खेरा में होने वाले विकास कार्य किए चिह्नित**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बुन्देलखण्ड एक ऐसा अंचल है जहां का इतिहास किसी से छिपा नहीं है। आज ऐसी कई ऐतिहासिक धरोहरें रख-रखाब के आभाव में खंडहर में तब्दील होती जा रही थी। जिनके रख-रखाब के लिए जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय निरंतर प्रयासरत है। जिसकी कई नजीरे लोगों के सामने आ चुकी है। इस क्रम में मोहगनढ़ क्षेत्र के ग्राम मड़खेरा में स्थित सूर्य मंदिर क्षेत्र को विकसित करने के मकसद से मंदिर परिसर को पर्यटन स्थल बनाए जाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। जिसके चलते कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बुधवार को अपने अधीनस्थओं के साथ मंदिर परिसर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होनें मंदिर के पास बाले परिसर को व्यवस्थित स्वरूप में विकसित कराने लिये डीपीआर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने यहां होनें बाले विकास की परियोजनओं को चिंहित किया।**

दरअसल बुधवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मड़खेरा सूर्य मंदिर क्षेत्र को पर्यटक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए ग्राम मड़खेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम को एक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक विकास परियोजनाओं को चिन्हांकित किया। शीघ्र ही जन प्रतिनिधियों तथा स्थानीय ग्रामीणजनों के साथ मड़खेरा में चर्चा कर विकास कार्य प्रांरभ किए जाने की बात कही। कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने निर्देशित किया कि सूर्य मंदिर परिसर में लेवलिंग, बाउंड्रीबॉल और आकर्षक विद्युत पोल से साज सज्जा कराने को कहा। साथ ही पर्यटकों को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पंचायत भवन के पास रिसेप्शन सेंटर, रेस्टोरेंट, सुविधागृह शौचालय,बाउंड्रीवाल, सूर्य मंदिर से शिवराजपुरा नाला तक सड़क चौड़ीकरण, सड़क मरम्मत कार्य एवं सौवेनिर शॉप की योजना बनाई। इस परिसर को व्यवस्थित स्वरूप में विकसित कराने लिये डीपीआर बनाने के लिए संबंधितों को निर्देशित किया।

**वीसी का कार्यक्रम आने से मोहनगढ़ दौरा निरस्त**

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय मड़खेरा गांव पहुंचे जहां सूर्य मंदिर के अवलोकन उपरांत उन्होनें विशेष रूप से उन विकास कार्यों पर चर्चा की गई जो किसी न किसी कारण वश अधर में लटके हुए है। इसके साथ ही कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में समस्याओं के निराकरण कराने के लिए निर्देशित किया। अचानक वीसी का कार्यक्रम आने के कारण कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मोहनगढ़ जाने का दौरा निरस्त कर वह टीकमगढ़ की ओर रवाना हुए।



## दिगौड़ा पुलिस ने किया बैंकों का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में स्थित बैंकों में सुरक्षा की दृष्टि से आकस्मिक चैकिंग करने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा निर्देशित किया गया है।**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार यह कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी टीकमगढ़, जतारा के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है, जिसके तहत संपूर्ण जिले के थाना, चौकी क्षेत्रों में बैंकों एवं एटीएम की नियमित चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में दिगोड़ा थाना अंतर्गत स्थित बैंक में थाना स्टाफ द्वारा निरीक्षण कर बैंक स्टाफ से संवाद किया गया। इस दौरान बैंक में उपस्थित नागरिकों को भी सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। इस चेकिंग के दौरान बैंक परिसर एवं एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा गार्ड को सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक किया गया। सीसीटीवी कैमरों को सुचारू रूप से संचालित रखने के निर्देश दिए गए।

## पौधारोपण कार्यक्रम में रोपे 30 फलदार पौधे




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कार्यालय डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट एसडीईआरएफ होम गार्डस टीकमगढ़ में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान अधिकारियों एवं होमगार्ड स्टाफ द्वारा परिसर में 30 फलदार पौधों का रोपण किया गया। यह अभियान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले भर में चलाया जा रहा है।**

ज्ञातव्य है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गत वर्ष लगभग 100 फलदार पौधों का रोपण कार्यालय परिसर में किया गया था, जिनमें से सभी पौधे पूर्ण सुरक्षित और जीवित हैं।

इसी संकल्प के साथ इस वर्ष भी 30 फलदार पौधों का रोपण परिसर में किया गया तथा संरक्षण हेतु सभी के द्वारा संकल्प भी लिया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कार्यालय डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट एसडीईआरएफ होम गार्डस टीकमगढ़ में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान अधिकारियों एवं होमगार्ड स्टाफ द्वारा परिसर में 30 फलदार पौधों का रोपण किया गया। यह अभियान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले भर में चलाया जा रहा है।

## युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत टीकमगढ़ जिले के युवाओं, किसानों, उद्यमियों, शिक्षित बेरोजगारों और असंगठित सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को संचालित करने वाले गरीब, असक्षम व छोटे व्यापारियों के लिए स्वरोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध है।**

योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना या उन्नयन पर परियोजना लागत का 35 प्रतिशत तक अधिकतम 10 लाख रुपये तक का क्रेडिट अनुदान दिया जाता है, जिसमें लाभार्थी को न्यूनतम 10 प्रतिशत अंशदान देना अनिवार्य है। शेष राशि बैंक ऋण से पूरी की जाएगी। वर्ष 2025-26 के लिए जिले को 95 व्यक्तिगत एवं 2 समूह इकाई का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। सहायक संचालक उद्यान जिला टीकमगढ़ ने बताया, कि योजना के तहत मसाला उत्पादों में हल्दी, धनिया, मिर्च पाउडर, अदरक सौंठ, ड्राय प्याज, लहसुन पेस्ट, मसाला चक्की, स्पेलर, सब्जी उत्पादों में टमाटर केचप, आलू चिप्स इत्यादि एवं फल उत्पादों में आम का अचार, अमचूर, आम ज्यूस उद्योग, नींबू आचार, नींबू स्क्वास, नींबू मार्मलैंड, अमरुद के उत्पाद अमरुद जैली, अमरूद जेम, आंवला कैंडी, आंवला चूर्ण, आंवला सुपारी, आंवला मुरब्बा, आंवला पावडर, केला चिप्स, कैला पावडर इत्यादि, अनाज उत्पादों में चावल मील, आटा मील इकाईयां पात्र है।

## आयुष आपके द्वार योजना के तहत स्वास्थ्य परीक्षण




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय मोहनगढ़ द्वारा आयुष आपके द्वार योजना अंतर्गत सीनियर बालक छात्रावास मोहनगढ़ में छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ बंशी लाल अहिरवार ने बताया की छात्रों में कास, प्रतिश्याय, चर्म रोग, आदि रोगों की दवा प्रदान की गई।**

शिविर में छात्रों को वर्षा ऋतु में होनी बाली बीमारियों से बचने के उपाय बताए गए छात्रों को रसोई में उपयोग होने बाली आयुर्वेद औषधियों मसालो के बारे में, छात्रों को योगा से होने वाले लाभ, और छात्रों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक किया गया, शिविर में 32 छात्रों की जांच की गई। इस अवसर पर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती भांनकुवर, औषधालय सेवक इंद्रका प्रसाद अवस्थी, छात्रावास अधीक्षक तथा स्टाफ उपस्थित रहा।


शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ बंशी लाल अहिरवार ने बताया की छात्रों में कास, प्रतिश्याय, चर्म रोग, आदि रोगों की दवा प्रदान की गई।

## आवेदन करने खोला गया पोर्टल

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। एमपीटीएएएस पोर्टल 20 अगस्त 2025 तक के लिये शैक्षणिक सत्र 2024-25 के नवीन आवेदन भरने हेतु पोर्टल पुनः खोला गया है।**

अतः शिक्षण सत्र 2024-25 में अध्ययनरत विद्यार्थी जो एमपीटीएएएस पोर्टल आवेदन करने हेतु शेष रह गये हैं। वह निर्धारित तिथि 20 अगस्त 2025 के पूर्व ही अपना आवेदन एमपीटीएएएस पोर्टल पर समय-सीमा के अंदर कर लेंवे, जिससे शासल द्वारा चलाई जा रही छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिल सके।एमपीटीएएएस पोर्टल 20 अगस्त 2025 तक के लिये शैक्षणिक सत्र 2024-25 के नवीन आवेदन भरने हेतु पोर्टल पुनः खोला गया है। अध्ययनरत विद्यार्थी जो एमपीटीएएएस पोर्टल आवेदन करने हेतु शेष रह गये है बह पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

## सरकारों द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति की दी जानकारी



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय टीकमगढ़ में विद्यार्थियों के लिए एक इंडक्शन सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय आरजीपीव्ही पोर्टल की जानकारी एवं विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।**

कार्यक्रम में सुनील विश्वकर्मा, जनेंद्र गौतम एवं दीपक कुमार खम्परिया द्वारा छात्रों को आरजीपीव्ही पोर्टल पर प्रोफाइल निर्माण, परीक्षा फॉर्म, परिणाम, एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी दी गई। साथ ही राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में भी बताया गया, जिनका लाभ पात्र छात्र ले सकते हैं। वक्ताओं ने छात्रों को पोर्टल का सही उपयोग करने, समय पर फॉर्म भरने एवं आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने की प्रक्रिया को सरलता से समझाया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा में डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें शैक्षणिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई सवाल भी पूछे जिनका संतोषजनक उत्तर देकर संकाय सदस्यों ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय विद्यार्थियों के लिए एक इंडक्शन सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय आरजीपीव्ही पोर्टल की जानकारी एवं विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

## हमलावरों ने कोचिंग सेंटर के शिक्षक पर बोला हमला

**प्राइवेट शिक्षक के शरीर में आई गंभीर चोटें**

**शिकायती आवेदन मिलते ही पुलिस ने की जांच शुरू**



**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। शिव शक्ति कॉलोनी स्थित एक कोचिंग सेंटर में बीती शाम कोचिंग का संचालन करने बाले शिक्षक पर कुछ बदमाशों ने हमला कर दिया। घटना शाम 6.30 बजे के आसपास हुई जिसका सीसीटीवी फुटेज बुधवार को सामने आया है।**

पीड़ित शिक्षक दीपक गिरि ने बताया कि वह झांसी मार्ग पर स्थित एक होटल के पीछे विवेक जैन के मकान में वाटिका कोचिंग पर बच्चों को पढ़ाते हैं। चार-पांच दिन पहले रमन यादव अपने दोस्तों के साथ कोचिंग के सामने जन्मदिन मना रहा था। दीपक ने उन्हें शोर मचाने से मना किया था क्योंकि वहां बच्चे पढ़ रहे थे। शाम करीब 6.15 बजे जब दीपक कोचिंग में पढ़ा रहे थे तभी रमन यादव, छत्रसाल यादव, आसिक यादव और प्रासू चतुर्वेदी हाथों में डंडे और लोहे के पाइप लेकर कोचिंग के अंदर घुस आए। आरोपियों ने जन्मदिन मनाने से मना करने की बात को लेकर गालियां देना शुरू कर दिया। जब दीपक ने गाली देने से मना किया तो रमन यादव ने उनके सिर पर लोहे का पाइप मार दियाए जिससे खून निकलने लगा। अन्य आरोपियों ने भी डंडों से हमला किया। इस हमले में दीपक के सिर के पिछले हिस्से बाएं हाथ की कोहनी और पीठ के बाएं हिस्से में गंभीर चोटें आई। कोचिंग स्टाफ मनोज सिंह और विवेक जैन ने बीच-बचाव किया। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी के अनुसार पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है लेकिन खबर लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपी युवक पहले भी कोचिंग सेंटर के बाहर छात्राओं से छेड़छाड़ करते थे जिसे शिक्षक ने रोका था। इसी रंजिश में उन्होंने चेहरा ढंककर हमला किया। शिव शक्ति कॉलोनी स्थित एक कोचिंग सेंटर में बीती शाम कोचिंग का संचालन करने बाले शिक्षक पर कुछ बदमाशों ने हमला कर दिया। घटना शाम 6.30 बजे के आसपास हुई जिसका सीसीटीवी फु टेज बुधवार को सामने आया है।

**समस्या** मंदिरों तक पहुंचने में भक्तों को आ रही परेशानी

# दलदल में तब्दील मार्ग का निर्माण कराने की मांग



**नवभारत न्यूज पलेरा। नगर में प्रसिद्ध देवी शीतला माता मंदिर से एक किलोमीटर के लगभग की दूरी पर स्थित प्राचीन भांवरी माता स्थल तक पहुंचाने के लिए सड़क नहीं है। विगत कई वर्षों से आस्था और विश्वास को लेकर नगर के सैकड़ो श्रद्धालुओं का पगडंडी के सहारे आना-जाना बना हुआ हैं। लेकिन बारिश में यही पगडंडी दलदल में बदल जाती है। इस मार्ग के निर्माण कराए जाने की मांग की जा रही है।**

मार्ग दलदल में तब्दील हो जाने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। आषाढ़ माह में आषाढ़ी पूजन एवं चैत्र नवरात्रि के समय में श्रद्धालुओं एवं महिलाओं को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। कई श्रद्धालु अनहोनी के डर के कारण कीचड़ से भरे हुए रास्ते के चलते प्राचीन भांवरी माता स्थल तक नहीं पहुंच पाते है। नगर के वहीद खान, दुर्गा चौरसिया ने बताया कि भांवरी माता स्थल के रास्ते में कई किसानों के खेत भी पड़ते हैं। सड़क निर्माण न होने के कारण वर्तमान बारिश के समय में किसानो की बैलगाड़ी, ट्रैक्टर यहां तक कि साइकिल से चलना भी दूभर है। अब सवाल उठता है कि नगर विकास को लेकर व्यवस्थाओं में सुधार के दावे करने वाले यहां कीचड़ से भरे हुए रास्ते को लेकर श्रद्धालुओं के हालात से अंजान बने हुए है। पिछले कई वर्षों से नगर के नागरिक नगर परिषद से यहां सड़क निर्माण कराए जाने की मांग कर रहे हैं। नागरिकों के द्वारा कई बार जनप्रतिनिधियों और विभाग को बताया गया। लेकिन इस समस्या का कोई हल नहीं निकला। कीचड़ से सनी पगडंडी पर कई श्रद्धालु गिरते-पड़ते प्राचीन देवी स्थल भांवरी माता तक पहुंच पाते हैं। श्रद्धालुओं का आरोप है कि वर्तमान समय नगर परिषद के द्वारा कई गैरजरूरी कामों पर पैसा खर्च हो रहा है। लेकिन नगर में बीते वर्षों से चली आ रही परंपरा को लेकर जरूरी सड़क निर्माण का कार्य जानबूझकर नहीं कराया जा रहा है। हालात ऐसे ही रहे तो नगर के श्रद्धालु एवं महिलाएं सड़क निर्माण की मांग को लेकर सड़कों पर उतर सकते हैं। प्राचीन भांवरी माता स्थल तक पहुंचाने के लिए सड़क नहीं है। पगडंडी के सहारे आना-जाना बना हुआ हैं। निर्माण कराने की मांग की जा रही है।

**श्रद्धालुओं के हालात से अधिकारी बने अंजान**

सड़क निर्माण न होने के कारण वर्तमान बारिश के समय में किसानो की बैलगाड़ी, ट्रैक्टर यहां तक कि साइकिल से चलना भी दूभर है। अब सवाल उठता है कि नगर विकास को लेकर व्यवस्थाओं में सुधार के दावे करने वाले यहां कीचड़ से भरे हुए रास्ते को लेकर श्रद्धालुओं के हालात से अधिकारी अंजान बने हुए है।

## ग्राम पंचायतों के भ्रमण पर निकले अधिकारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नोडल अधिकारियों द्वारा अलग-अलग ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। साथ ही समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आबंटित की गई ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया गया।**

भ्रमण के दौरान नोडल अधिकारियों द्वारा एमडीएम का निरीक्षण, स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, ग्राम पंचायतों में सचिव,जीआरएस तथा नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी की उपस्थिति, मौसमी बीमारियों की आशंका, गाँव में टीकाकरण, आशा की उपस्थिति, जर्जर भवनों की जानकारी ली।

## छात्र-छात्राओं को वितरित कीं साइकिलें



**नवभारत न्यूज पलेरा। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों में पढ़ाई करने वाले छात्रों एवं छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई हैं। विकासखंड क्षेत्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खजरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण क्षेत्र के अध्यनरत छात्र एवं छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई हैं।**

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि अंशुल तिवारी, सचिव लोकेंद्र सिंह ठाकुर, विद्यालय प्रबंधन के शिक्षक व छात्र एवं छात्रों के अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम में बच्चों को साइकिल प्रदान करने के बाद सरपंच प्रतिनिधि अंशुल तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों एवं छात्राओं को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी नहीं हो, इसके लिए सरकार ने निःशुल्क साइकिल वितरण योजना शुरू की है। जिसके तहत स्कूल से अधिक दूरी तय कर पैदल आने वाले छात्रों-छात्राओं को आवागमन की सुविधा होगी।